श्री बंशीधर नगर सोमवार
25.05.2026
अधिक ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 271

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:36 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

व्यवसायियों ने बंद रखा किशुनपुर बाजार >> पेज 03
'है जवानी तो इश्क होना है' का ट्रेलर रिलीज >> पेज 05

**सुविचार**

हर दिन का मूल्यांकन उस फसल से न करें जो आप काटते हैं, बल्कि उस बीज से करें जो आप बोते हैं।

**न्यूज अपडेट्स**

### सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत चार दिवसीय प्रवास पर लखनऊ पहुंचे



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत चार दिवसीय प्रवास पर लखनऊ पहुंच गए हैं। सरसंघचालक सरस्वती कुंज निरालानगर में चल रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में प्रशिक्षण लेने आए कार्यकताओं का प्रबोधन करेंगे। इस वर्ग में सरसंघचालक का बौद्धिक होगा। वो प्रवचन सत्र में भी शामिल होंगे। डॉ. मोहन राव भागवत 26 मई तक इस वर्ग में रहेंगे। निराला नगर में चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में नेपाल राष्ट्र सहित अवध, कानपुर, गोरक्ष व काशी प्रांत के 289 कार्यकर्ता प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस वर्ग के वर्ग कार्यवाह देवेंद्र अस्थान, वर्ग पलक क्षेत्र के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मिथिलेश नारायण और सह वर्ग कार्यवाह रासबिहार बनाए गए हैं। वहीं क्षेत्र प्रचारक अनिल पूरा समय वर्ग में उपस्थित रहकर दे रहे हैं।

**एलपीजी संकट** ▶ मेराल की एजेंसी, गढ़वा होंडा शोरूम के बगल में धड़ल्ले से बांटी जाती है गैस

# एजेंसी की मनमानी से तपती धूप में घंटों कतार में रहने को विवश हैं उपभोक्ता

बलराम शर्मा

**मेराल :** आर्यन एचपी गैस एजेंसी की लापरवाही और मनमानी की वजह से 44 डिग्री तापमान में गैस उपभोक्ताओं को घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। मेराल तथा आस पास के ग्रामीण इलाकों के उपभोक्ताओं की लंबी कतार रविवार की सुबह से ही एचपी गैस एजेंसी के गोदाम पर लग गई। लोग सुबह से ही खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी गोदाम के बाहर सड़क किनारे बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। परंतु 4 बजे तक इन्हें जब गैस नहीं मिला तो



इनके सब्र का बांध टूट गया और हंगामा करने लगे। उपभोक्ताओं का कहना है कि मेराल का एजेंसी गढ़वा होंडा शोरूम के बगल में धड़ले से गैस का वितरण किया जाता है। जबकि मेराल के उपभोक्ताओं को सप्ताह में एक दिन रविवार को बुलाया जाता है, इसके बाद भी इन्हें गैस नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि गैस लेने के लिये ऑनलाईन नंबर लगाने के बाद एजेंसी द्वारा बुलाने पर 5 घंटा इंतजार करने के बाद भी गैस नहीं दिया जा रहा है। उपभोक्ता मनोज कुमार जायसवाल, दीपक जायसवाल, यूनुस अंसारी, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र सोनी, उर्मिला देवी, संजय राम, जावेद अंसारी, दुर्गावती देवी, विमलेश सिंह, राकेश सोनी, गणेश साव, जब्बार अंसारी, सुदीप कुमार सुमन, लक्ष्मण राम, फूलकुमारी देवी, भारती देवी, सविला बीबी आदि लोगों का आरोप है कि हम सभी लोग घंटों से लाईन में गैस के लिये इंतजार कर रहे हैं। जबकि एजेंसी के लोगों द्वारा अपनी मनमानी और दबंगई दिखाते हुये यहां खड़े उपभोक्ताओं को छोड़कर पिकअप में गैस भरकर गढ़वा ले गये। इसकी जानकारी मिलने पर मेराल के सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक ने जब एजेंसी के मालिक से बात किया तो उसने तुरंत गैस वितरण करने की बात कही। लोगों का यह भी आरोप है कि नियम को ताक पर रखकर एजेंसी के मालिक द्वारा गढ़वा के होंडा शोरूम के बगल में धड़ले से गैस का वितरण किया जाता है और स्थानीय उपभोक्ता को घंटों लाईन में खड़ा रहने पर मजबूर किया जाता है। उपभोक्ताओं ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मेराल में नियमित गैस वितरण करने की मांग की है।

## जनजातीय समाज को यूसीसी से डरने की जरूरत नहीं : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को 'जनजाति सांस्कृतिक समागम' में कहा कि देश के आदिवासी समाज को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से डरने की जरूरत नहीं है। देश के गृहमंत्री होने के नाते वे आश्वासन देते हैं कि जनजातीय समाज को इससे अलग रखा जाएगा।

दिल्ली के लाल किला में वनवासी कल्याण आश्रम और जनजातीय सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित जनजातीय समागम में आज गृहमंत्री शामिल हुए। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों की 01 लाख से अधिक जनजातियों के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए।



गृहमंत्री ने दोनों संगठनों की जनजाति समाज को एकजुट करने और उन्हें समाज के अन्य वर्गों से जोड़ने के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस आयोजन को जनजातियों के महाकुंभ के रूप में पहचाना जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि यह सांस्कृतिक समागम आने वाले अनेक वर्षों तक जनजातियों के अस्तित्व, अस्मिता और संस्कृति के आंदोलन को नई पहचान देने के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने भगवान बिरसा मुंडा को नहीं देखा, लेकिन आज यहां उपस्थित जनजातियों में उनकी छवि प्रतिबिंबित हो रही है, मैं उनको नमन करता हूं।

शाह ने सतत विकास के मूलाधार को बताते हुए भगवान बिरसा मुंडा के जल, जंगल जमीन को संरक्षित करने के प्रयास को सार्वभौमिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति पूजा ही सनातन संस्कृति का मूल आधार है। शाह ने परोक्ष रूप से धर्म परिवर्तन पर निशाना साधा और कहा कि प्रकृति पूजन करने वाला जनजातीय समाज सनातन संस्कृति का हिस्सा है और इसे बचाने का संकल्प लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने समय में शबरी के झूठे बेर खाकर और निषाद राज के पैर धोकर हमें एकता का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि यह जनजातीय समागम देश के अंदर भेद पैदा करने वाले लोगों के लिए स्पष्ट संदेश है। यह लोग समान नागरिक संहिता के नाम पर जनजातीय समाज को डरा रहे हैं कि उन पर पाबंदियां लग जाएगी। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने पांच दशक की नक्सल समस्या को आज देश से पूरी तरह से खत्म कर दिया है। अब समय जनजातीय समाज के विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने का है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में ही अलग से मंत्रालय बनाकर यह काम शुरू हो चुका था और वर्तमान सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकारों के मुकाबले बजट में करीब 6 गुना की बढ़ोतरी कर जनजातीय समाज के लिए बड़े स्तर पर काम किया है।

इस दौरान गृहमंत्री ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से लाए गए आदिवासी ग्राम सभाओं को जल, जंगल, जमीन, खनिज और स्थानीय विवाद सुलझाने से जुड़े पेसा कानून की सराहना की और कहा कि यह आइडियल कानून अब भारतीय जनता पार्टी की सरकारों की ओर से आगे बढ़ने का काम किया जाएगा। जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने कहा कि जनजातियों में धर्मांतरण का प्रभाव काफी तेजी से दिखाई पड़ रहा है, जो हमारे समाज के लिए कैंसर है। उन्होंने कहा कि आज यहां उपस्थित जनजाति समाज एक जनसमुद्र है। जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ राज किशोर हांसदा ने कहा कि धर्मपरिवर्तन कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। अगर हम परिवर्तित हो जायेंगे तो हमारी संस्कृति समाप्त हो जाएगी। जनजाति सुरक्षा मंच के हर्ष चौहान ने कहा कि जनजातीय समाज भारत की रक्षा करता है। पूरे भारत में व्याप्त 700 से अधिक जनजतीय समाज मिलकर अंग्रेजों से लोहा लिया। उन्होंने कहा कि जनजाति सनातन धर्म के मूल है और जो कहते है हमारा कोई धर्म नहीं है हम उनके विरोधी है।

**सरना धर्मकोड के सवाल पर झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा**

# सरना, सनातन और हिंदू धर्म में कोई अंतर नहीं

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस और झामुमो पर आदिवासी समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए आदिवासी समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। मरांडी ने कहा कि सरना, सनातन और हिंदू परंपराओं में मूल रूप से समानता है। उन्होंने कहा कि ये सभी प्रकृति की पूजा से जुड़े हैं और पेड़, पहाड़, पत्थर, जल तथा धरती माता को पूजते हैं। बाबूलाल ने कहा कि आदिवासी समाज में देशभर में 700 से अधिक जातियां हैं, जबकि झारखंड में 32-33 जनजातीय समुदाय मौजूद हैं। हर समुदाय की अपनी परंपराएं और देवी-देवता हैं, लेकिन विविधता में एकता



की यही भावना सनातन, हिंदू और सरना संस्कृति का आधार है। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दल यह प्रचार कर रहे हैं कि आदिवासियों को हिंदू बनाया जा रहा है, जबकि हिंदू बनाने जैसी कोई परंपरा नहीं है। मरांडी ने कहा कि क्रिश्चियन और मुसलमान बनाए जाते हैं, जबकि सरना, सनातन और हिंदू पैदाइशी होते हैं। कांग्रेस के इतिहास का उल्लेख करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी का गठन अंग्रेजों के समय हुआ था और अंग्रेजों ने ह्लफूट डालो और राज करोह्व की नीति के तहत समाज को बांटकर शासन किया। उन्होंने दावा किया कि आज भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ राजनीति कर रही है। मरांडी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को समाप्त करने की बात कही थी, लेकिन पार्टी ने उनकी सलाह को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झामुमो आदिवासी समाज को मुख्यधारा से अलग दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून की नियमावली के जरिए आदिवासी परंपराओं और रूढ़िगत व्यवस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग आदिवासी संस्कृति, आस्था और परंपराओं को बदलने का काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस और झामुमो मौन बने हुए हैं। मरांडी ने कहा कि धर्मांतरण और सांस्कृतिक बदलाव जैसे मुद्दों पर कांग्रेस और झामुमो चुप्पी साध लेते हैं, लेकिन भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अलग-थलग करने और उनमें विभाजन पैदा करने का षड्यंत्र किया जा रहा है, जिसका भाजपा विरोध करेगी। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी मौजूद थीं।

# झारखंड में भीषण गर्मी का कहर, डालटनगंज में पारा 44.8 डिग्री पहुंचा, कई ज़िलों के लिए लू का अलर्ट



**रांची।** झारखंड में इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में तापमान लगातार बढ़ रहा है। राज्य के कई जिलों में गर्म हवाओं और लू का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग ने 25 और 26 मई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू और चतरा में हीट वेव यानी लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और तेज धूप से बचने की अपील की है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे कम तापमान गोड्डा में 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं इस दौरान सबसे अधिक 6.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। हालांकि, बारिश का असर गर्मी पर ज्यादा नहीं दिखा और अधिकांश जिलों में उमस और गर्म हवाओं का प्रकोप बना रहा। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे। बादलों की मौजूदगी से लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन उमस बनी रही। राज्य के प्रमुख शहरों का तापमान भी सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। रांची में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री और न्यूनतम 29.1 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 44.8 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 40.5 डिग्री और न्यूनतम 28.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 40.4 डिग्री और न्यूनतम 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

**न्यूज अपडेट्स**

## युवती से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत मामले में सेना का जवान गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पारा मिलिट्री फोर्स के जवान को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, बीते 22 मई को एक युवती ने लालपुर थाना में आवेदन देकर एक युवक पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संबंधित वीडियो को जब्त किया। लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपित विनय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित जवान का वर्तमान पता यूनिट-1 बटालियन, राजपुताना रायफल, नामकुम रांची है। पुलिस ने कार्रवाई की सूचना यूनिट-1 बटालियन राजपुताना रायफल, नामकुम रांची के कमांडिंग ऑफिसर को भी दे दी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

**गढ़वा**

### शिक्षकों के लिये सब्जेक्टिव लर्निंग पर कार्यशाला

# आधुनिक तकनीकों पर हुई चर्चा

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 का पहला इनहाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम आरकेवीएस के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित विद्यालयों आरकेपीएस गढ़वा, श्री बंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) एवं हूर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान निदेशक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों का पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत के साथ अभिनंदन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय




सब्जेक्टिव लर्निंग रहा। इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने और शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों से अवगत कराने के लिये संतोष पाण्डेय, केआर झा, नसरीन हक एवं शिखा गुप्ता रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने शिक्षकों को कक्षा में सक्रिय शिक्षण पद्धति अपनाने, बच्चों की सहभागिता बढ़ाने तथा सीखने के परिणामों को प्रभावी बनाने के विभिन्न उपाय बताये। कार्यशाला को और प्रभावी बनाने के लिये प्रोजेक्टर एवं स्लाईड प्रेजेंटेशन का उपयोग किया गया। साथ ही विषय आधारित विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसमें सीखने और सिखाने की प्रक्रिया में व्यापक बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल किताबी शिक्षा तक सीमित नहीं रखना चाहिये, बल्कि उन्हें विभिन्न रचनात्मक एवं व्यावहारिक गतिविधियों से भी जोड़ना जरूरी है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे जीवन में सफलता की राह पर आगे बढ़ सकेंगे। मौके पर अनुप कुमार पाण्डेय, अनिता सिन्हा, राजेश पाण्डेय, राजेश कुमार, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, रुपेश पाण्डेय, नंदलाल गुप्ता, गीता पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय, विकास तिवारी, इम्तियाज खान, शहेला खान, आशीष कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र सिंह जबकि धन्यवाद ज्ञापन पीके झा ने किया।

## प्रणामी मंदिर में महाप्रसाद का वितरण

**रांची।** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में रविवार को 267 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, बोतलबंद जलजीरा शर्बत और आलू चिप्स के पैकेट का वितरण



किया गया। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान मंदिर में श्री राधा रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर में मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर महाप्रसाद का भोग लगाया। स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और निराश्रित लोगों ने भाग लेकर महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में सैकड़ों से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। साथ ही हजारों भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन महाप्रसाद वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में प्रस्तुत भक्तिमय भजनों से पूरा वातावरण कृष्णमय हो उठा और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए।

## कांग्रेसजनों ने पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राजेंद्र बाबू उन नेताओं में थे जिन्होंने राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, श्रमिकों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। राजेंद्र प्रसाद सिंह ने झारखंड की सामाजिक और राजनीतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे हमेशा जनता के बीच रहने वाले जमीनी नेता थे। उनकी पहचान एक सादगीपूर्ण, संघर्षशील और ईमानदार जनप्रतिनिधि के रूप में रही। उन्होंने कहा कि मंत्री रहते हुए उन्होंने विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्राथमिकता दी और आम लोगों की समस्याओं को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण अद्भुत था। उन्होंने कठिन राजनीतिक परिस्थितियों में भी कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाया। श्रमिक आंदोलनों और जनसरोकार के विषयों पर उनकी स्पष्ट सोच और संघर्षशील व्यक्तित्व ने उन्हें जनता के बीच बेहद लोकप्रिय बनाया। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि उनकी पुण्यतिथि पर कांग्रेस परिवार उनके योगदान को स्मरण करते हुए यह संकल्प लेता है कि उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और जनहित की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। राजेंद्र प्रसाद सिंह का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्रद्धांजलि सभा में अभिलाषा साहू, रविन्द्र सिंह, सुनीत शर्मा, आभा सिन्हा, किशोर शाहदेव, राकेश सिन्हा, सूर्यकान्त शुक्ला राकेश किरण महतो, रियाज अहमद, राजन बर्मा, उज्जल तिवारी, कामेश्वर गिरी धर्मराज राम, जितेंद्र त्रिबेदी सादाब खान सहित अन्य मौजूद थे।

## भारत विकास परिषद् समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : सुमन सिंह



**रांची।** भारत विकास परिषद्, दक्षिण झारखंड प्रांत की ओर से आयोजित प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन रांची के होटल कुकवेल में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यशाला में दक्षिण झारखंड प्रांत के अंतर्गत आने वाली आठ शाखाओं के अतिरिक्त गढ़वा एवं चाईबासा से भी प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।कार्यशाला में परिषद् के विभिन्न प्रकल्पों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में परिषद् की क्षेत्रीय अध्यक्षा एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्या सुमन सिंह, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव दिनेश प्रसाद, दक्षिण झारखंड प्रांत अध्यक्ष सुधीर कर्ण तथा प्रांतीय महासचिव अरुण मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रांत संस्कार संयोजक गौरव पाण्डेय ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों ने अपने नवीन दायित्वों शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् के पांचों प्रमुख प्रकल्प- संपर्क, सेवा, संस्कार, महिला सहभागिता एवं पर्यावरण पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। क्षेत्रीय अध्यक्षा सुमन सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद् केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी शाखाओं से समन्वय एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। अंत में प्रांतीय संगठन सचिव उमेश राजगढ़िया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### झारखंड में आज 47 स्थानों पर मनाया जाएगा दामोदर महोत्सव

# उद्गम स्थल पहुंचेंगे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

**रांची।** युगांतर भारती के तत्वावधान में 25 मई को लोहरदगा स्थित दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संयोगवश इसी दिन गंगा दशहरा का पर्व भी मनाया जाएगा, जिससे इस आयोजन का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व और बढ़ गया है।

युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि झारखंड के राज्यपाल संतोषकुमार गंगवार इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय करेंगे। अंशुल शरण ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर होगा, क्योंकि पहली बार कोई राज्यपाल दामोदर नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दामोदर नदी और उससे जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। अंशुल शरण ने



बताया कि दामोदर महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नदी संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और जल स्रोतों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान भी है। कार्यक्रम के दौरान जल-जंगल-जमीन के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और नदियों की स्वच्छता को लेकर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अंशुल शरण ने जानकारी दी कि इस वर्ष दामोदर महोत्सव रिकॉर्ड 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा दामोदर नदी से जुड़े कई क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के माध्यम से लोगों को नदियों के संरक्षण, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दामोदर नदी झारखंड की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। ऐसे में इसके उद्गम स्थल पर राज्यपाल की उपस्थिति पूरे राज्य के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। महोत्सव में विभिन्न सामाजिक संगठनों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश भी दिए जाएंगे।

# रामपुर गोलीकांड : 17 नामजद व 25 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर, पुलिस की छापेमारी तेज



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर में हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने 17 नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। हालांकि अब तक किसी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती भी की गई है। दरअसल, शनिवार को रामपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक विधवा महिला के घर को कथित रूप से गिरा दिया गया था। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई, जिसमें दूसरे पक्ष के सकेंद्र चौधरी नामक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने चैनपुरझमेदिनीनगर मार्ग पर शाहपुर के पास कोयल पुल के समीप सड़क जाम कर दिया था। बाद में पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। मृतक के पिता मधु चौधरी के बयान के आधार पर दर्ज एफआईआर में 17 लोगों को नामजद किया गया है। इनमें मंटू सिंह, राजेंद्र सिंह, मुनारिक सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, उमाकांत सिंह, बगन सिंह, चंदन सिंह, बादल सिंह, गोलू सिंह, मनीष सिंह, दिलीप सिंह, ललन सिंह, कुंदन सिंह, जयराम सिंह, रामस्वरूप सिंह और राणा सिंह शामिल हैं। इसके अलावा 25 अज्ञात लोगों को भी आरोपित बनाया गया है। मधु चौधरी ने बताया कि विवादित जमीन पर निर्माणाधीन मकान को लेकर यह विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि आरोपित मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के घर को गिरा दिया। विरोध करने पर उन्हें धमकी दी गई और सभी आरोपित वहां से चले गए। इसके बाद जब गिरी हुई ईंटें हटाई जा रही थीं, तभी आरोपित दोबारा मौके पर पहुंचे और हत्या की नीयत से फायरिंग कर दी। इस घटना में उनके बेटे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### भीषण गर्मी में पानी के लिये भटक रहे लोग

**मंझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी स्तर पर लगाये गये सार्वजनिक चापानलों पर अवैध कब्जे का मामला सामने आने के बाद पेयजल संकट गहराता जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच आम लोगों को पानी के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में लगे कई सरकारी चापानलों को कुछ लोगों द्वारा निजी उपयोग में लेकर घेराबंदी कर दी गई है, जिससे आम नागरिकों की पहुंच बाधित हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सरकारी चापानल सार्वजनिक उपयोग के लिये लगाये गये थे, लेकिन प्रभावशाली लोगों ने उन्हें अपनी निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। कई जगहों पर चापानलों के चारों ओर बाउंड्री बना दी गई है। जबकि कुछ स्थानों पर उनमें समरसेबल पंप तक लगा दिये गये हैं। इससे आसपास के लोगों को पानी लेने में भारी दिक्कत हो रही है। भीषण गर्मी के कारण जलस्तर नीचे चला गया है और कई इलाकों में पानी की समस्या गंभीर हो चुकी है। ऐसे में सार्वजनिक चापानलों पर कब्जा होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थिति यह है कि कई परिवारों को दूर-दराज इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है। प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और विकराल रूप ले सकता है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि पिछले वर्षों में विधायक फंड अथवा विभागीय मद से लगाये गये सभी सरकारी चापाकलों की सूची सार्वजनिक की जाय तथा स्थल जांच कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन कराया जाय। साथ ही जिन लोगों ने सार्वजनिक चापानलों पर अवैध कब्जा कर रखा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से गर्मी के मौसम को देखते हुये पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा सार्वजनिक संसाधनों को निजी कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## विरोध ओपी को दोबारा पिकेट बनाये जाने का विरोध

# व्यवसायियों ने बंद रखा किशुनपुर बाजार

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पाटन प्रखंड स्थित किशुनपुर ओपी को पिकेट बनाए जाने को लेकर स्थानीय व्यवसायियों और आमजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में स्थानीय व्यवसायियों ने रविवार को सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखा। निर्णय वापस नहीं लेने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई है। इससे पहले किशुनपुर देवी मंडप के पास पाटन मध्य के पूर्व जिप सदस्य के नेतृत्व में व्यवसायियों और आमजनों की बैठक हुई। बैठक में किशुनपुर ओपी को पिकेट बनाने की निंदा की गई। इसके विरोध में चरणबद्ध तरीके आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को जिले के वरीय पदाधिकारी को लिखित सूचना दी जाएगी।

लोगों का कहना है कि किशुनपुर उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र रहा है। यह क्षेत्र व्यवसायिक दृष्टिकोण से पिछड़ा रहा है। व्यवसायी असुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन वर्ष 2009 में पुलिस पिकेट स्थापित किया गया तो किशुनपुर व्यवसायिक दृष्टिकोण से मजबूत होने लगा। विकास में तेजी आने लगी। किशुनपुर बाजार से ओपी तक मुख्य सड़क के दोनों किनारे दुकानें बनानी शुरू हुई।

वर्ष 2014 में विष्णुदयाल राम सांसद बने। इसके बाद उन्होंने किशुनपुर को गोद लिया। इस क्रम में सांसद ने किशुनपुर में स्टेट बैंक शाखा स्थापित कराया। कई सड़कें बनी। वर्ष 2018 में किशुनपुर को पुलिस पिकेट से ओपी का दर्जा मिला, जिससे क्षेत्र में अमन चैन कायम हुआ। बेखौफ व्यवसाय बढ़ने लगा, लेकिन अचानक बुधवार को ओपी के स्थान पर पिकेट लिखा पाया, तो व्यवसायियों के मन में भय पैदा होने लगा। व्यवसायियों का कहना है कि लगन के समय रात में 10 बजे तक दुकानें खुली रखते हैं। बिना किसी डर के दुकानों को संचालित करते थे। आखिर अचानक ऐसी कौन सी स्थिति बन गयी कि किशुनपुर ओपी को पिकेट बनाना पड़ गया।

व्यवसायियों का कहना है कि किशुनपुर में पुलिस पिकेट स्थापित होने के पहले उग्रवादियों की ओर से कई घटनाओं को अंजाम दिया गया था। किशुनपुर में दिन में भी भय का वातावरण रहता था। किशुनपुर में पिकेट स्थापित होने के पहले उग्रवादियों द्वारा एक निजी चिकित्सक की हत्या कर दी गई थी, जबकि पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ भी हुई थी। इसके बाद किशुनपुर के व्यवसायियों में और भी भय पैदा हो गया था।

नंदकुमार राम ने पलामू डीआइजी किशोर कौशल से मिलकर मामले से अवगत कराया था। डीआइजी ने बताया कि अखबार में छपी खबर संज्ञान में है। किन अधिकारी के कहने पर ओपी से पिकेट बदला गया है, इसकी जांच कराने की बात कही है। नंदकुमार राम ने कहा कि इस मामले में अविलंब कारवाई नहीं की गई, तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

मौके पर सुखलाल प्रजापति, इकबाल अंसारी, संतोष उपाध्याय, महेंद्र चौधरी, सुभाष साव, विकास उपाध्याय, विनोद सोनी, नवल किशोर तिवारी, श्रीकांत तिवारी, अजय प्रसाद, हिमांशु कश्यप, ओमप्रकाश गुप्ता, राजीव मालाकार, प्रमोद गिरी, संतोष पांडेय, धीरेंद्र नारायण उपाध्याय, विकास रजक, राजू पासवान, कृष्ण उपाध्याय, प्रदीप दुबे, देवेंद्र सोनी सहित अन्य व्यवसायी मौजूद थे।

### सांसद पथराही यज्ञ में हुये शामिल, कहा-युवा भक्ति और अध्यात्म से जुड़ें




**निलाम्बर पीतांबरपुर :** चतरा सांसद कालिचरण सिंह ने कहा कि युवा देश के भविस्य हैं। आज भक्ति और अध्यात्म में इनकी भागीदारी बढ़ी है, जिससे समाज में सकरात्मक परिवेश बनेगा। उन्होंने यज्ञ समिति का आभार जताया। साथ ही 13 वें अधिवेशन के आयोजन के लिये साधुवाद दिया। उन्होंने कहा की यज्ञ का आयोजन होने से लोगों में आत्मबल और ऊर्जा का संचार होता है जो प्रत्येक सनातनियों के लिये आवश्यक है। भाजपा नेता वरुण तिवारी ने कहा की पथराही के पूर्वजो ने जमीन दान कर हाईस्कूल की स्थापना वर्ष 1955 में करायी है. यहाँ के ग्रामवाशी सदैव अध्यात्म के मार्ग को चुना है जिसे वार्तमान पीढी बढा रही है। इस दौरान ललित मेहता, शंकर सिंह, काशीनाथ विश्वकर्मा, ध्रुव दुबे, राजेंद्र दुबे, मनोरंजन दुबे, मणिकांत दुबे, सत्यदेव दुबे, अरुण सिंह, रामकृष्ण दुबे आदि उपस्थित थे।

### निजी क्लीनिक में किशोर की मौत पर सड़क जाम और हंगामा

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले हैदरनगर क्षेत्र में एक कथित झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक में इलाज के दौरान 16 वर्षीय किशोर की मौत के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। चार घंटे तक सड़क जाम कर हंगामा किया गया। परिजन और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए अस्पताल को सील कर दिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। रविवार दोपहर शव का एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम किया गया। इससे पहले शनिवार देर रात तक हंगामा हुआ। मृतक की पहचान बुद्धी बिगहा गांव निवासी विक्की ठाकुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विक्की ठाकुर को उल्टी हुई थी। उसे इलाज के लिए मस्जिद मोहल्ला स्टेट डॉक्टर वाजिद अली के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई। गलत इंजेक्शन देने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और लोग शव के साथ सड़क पर उतर आए। आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा और प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिकों और कथित झोलाछाप चिकित्सकों के कारण लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा अवैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाने की मांग उठाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। परिजन और ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर पड़े रहे। सूचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा और अंचल अधिकारी संतोष कुमार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और कई घंटे तक परिजनों को समझाया। देर रात दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी संतोष कुमार की ओर से क्लिनिक को सील कर दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इधर, किशोर की मौत के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### भगवती मानव कल्याण संगठन ने किया पांच घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ



**गढ़वा :** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं श्री पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को शहर के चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर परिसर में दिव्य मासिक महाआरती एवं पांच घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। प्रातः सात बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में मां गुरुवर जी के जयकारे एवं मंत्र ध्वनि के साथ दिव्य मासिक महाआरती कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर संगठन के पलामू जिलाध्यक्ष व टीम प्रमुख संदीप पांडेय ने कहा कि यह महाआरती कार्यक्रम का आयोजन आज पूरे देश में प्रत्येक प्रांतों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के चौथे रविवार को गढ़वा के काली मंदिर प्रांगण में दिव्य मासिक महा आरती का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी को मध्य प्रदेश के शहडोल जिला अंतर्गत ब्योहारी स्थित पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम में चल रही माता आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा की अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ से जोड़ा गया है। यह 15 अप्रैल 1997 से निर्बाध रूप से अनवरत अनंत काल तक के लिये चलाया जा रहा है। उस धाम के संस्थापक एवं संचालक धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज हैं। जिनका मूल उद्देश्य है माता भगवती की पूजा, आराधना करते हुए मनुष्यों के अंदर मानवीय मूल्यों की स्थापना करना। साथ ही ऐसी विषम हालात में समाज को नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुये भक्ति, ज्ञान व आत्मशक्ति से परिपूर्ण समाज का निर्माण करना। उन्होंने भगवती मानव कल्याण संगठन की ओर से समस्त जाति, समाज के लोगों से दोनों हाथ फैलाकर आवाहन करते हुये कहा कि हम सब मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। यही मानवता धर्म बतलाया गया है। तत्पश्चात प्रसाद, शक्तिजल एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से नारायण पान्डेय, संतोष पाण्डेय, श्रीकान्त धर पांडेय, योगेन्द्र शुक्ला, श्याम सुन्दर ठाकुर, प्रमोद कुमार पाण्डेय, मिथिलेश पान्डेय, अमित कुमार गुप्ता, अजित पासवान, राजीव रंजन मेहता, सुनिल कुमार ठाकुर, वीरेन्द्र भुईयां, रामदेव भुईयां, फनिन्दर सिंह, ब्रजेश सिंह, विनय प्रसाद, शिखा पान्डेय, रीना देवी, स्वीटी सिंह, ममता शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कांडी में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव, एक भी प्याऊ नहीं, राहगीर परेशान

# सड़क किनारे नि:शुल्क पानी अब पुरानी बात

अभिषेक पांडेय




**कांडी :** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सुबह आठ बजे के बाद ही धूप आग उगलने लगती है और नौ बजे के बाद घर से बाहर निकलना लोगों के लिये चुनौती बन जाता है। इसके बावजूद कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण किसानों, मजदूरों और आम ग्रामीणों को अपनी जरूरतों के लिये दोपहर की तपती धूप में भी बाहर निकलना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी कांडी प्रखंड मुख्यालय पहुंचने वाले हजारों लोगों को झेलनी पड़ रही है, जहां बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव देखने को मिल रहा है। प्रखंड मुख्यालय में प्रतिदिन करीब आठ से दस हजार लोग विभिन्न कार्यों से पहुंचते हैं। इनमें प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, थाना, अस्पताल, बैंक, स्कूल-कॉलेज, पशु अस्पताल, जेएसएलपीएस कार्यालय, आईसीडीएस परियोजना कार्यालय, बस स्टैंड और टेंपो स्टैंड आने वाले लोग शामिल हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पूरे प्रखंड मुख्यालय में एक भी सरकारी प्याऊ नहीं है, जहां लोग मुफ्त में पीने का पानी प्राप्त कर सकें। भीषण गर्मी में लोग पानी के लिये दुकानों पर निर्भर हैं और उन्हें पानी पीने के लिये भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय और स्नानागार जैसी मूलभूत सुविधाओं की बात आती है। हजारों लोगों की भीड़ वाले इस प्रखंड मुख्यालय में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। पुरुष तो किसी तरह इधर-उधर जाकर अपनी जरूरत पूरी कर लेते हैं, लेकिन महिलाओं को भारी परेशानी और शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। पंचायतों और सरकारी योजनाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं प्रखंड मुख्यालय आती हैं, लेकिन उनके लिये कोई न्यूनतम व्यवस्था तक नहीं की गई है। सबसे गंभीर सवाल यह उठता है कि आखिर इन सुविधाओं के निर्माण में बाधा क्या है? स्थानीय लोगों का कहना है कि कांडी में सरकारी जमीन की कोई कमी नहीं है, लेकिन वर्षों से अतिक्रमण और प्रशासनिक उदासीनता के कारण सार्वजनिक उपयोग की जमीनें धीरे-धीरे कब्जे में चली गईं।

# श्री बंशीधर नगर : विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस



## मृतका की मां ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप, मामला दर्ज

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में बीती रात एक विवाहिता की संदिग्ध मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृत महिला रमाकांत भुईयां की 20 वर्षीय पत्नी रुना प्रतिमा बताया जाता है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके वाले थाना पहुंच बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज कराया है। खरौंधी थाना क्षेत्र के नवाडीह टोला निवासी असमपति देवी ने थाना को दिये आवेदन में बताया है कि उनकी पुत्री रूना प्रतिमा की शादी करीब सात वर्ष पूर्व जमुआ गांव निवासी रमाकांत भुईयां के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा बाईक, सोने के आभूषण एवं दो लाख रुपये नकद दहेज की मांग की जाती थी। आवेदन में कहा गया है कि मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों के द्वारा उनकी पुत्री को लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने बताया कि 23 मई की शाम करीब चार बजे मृतका के सास द्वारा फोन कर बताया गया कि उनकी बेटी की तबीयत गंभीर है। सूचना मिलने पर परिजन रात में जमुआ गांव पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि विवाहिता की मौत हो चुकी थी। मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी गई तथा शव को जलाने की तैयारी की जा रही थी। मामले में मृतका के पति रमाकांत भुईयां, सास बिंदु देवी, ससुर बुद्धु भुईयां, भसुर अखिलेश भुईयां, देवर छोटू भुईयां एवं ननद सुष्मिति देवी पर दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है। मायके वालों ने बताया कि हमेशा ससुराल वालो द्वारा दहेज को लेकर मारपीट की जाती थी। इसी मामले में खरौंधी में समाज के बीच 14 मई को समझौता हुआ था। पीड़ित परिवार ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उधर मामले में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### बारात में शामिल होने जा रहे युवक की बाईक दुर्घटना में हुई मौत, मातम

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर-मुरीसेमर मुख्य मार्ग पर शनिवार की देर रात यहां महदेईया पेट्रोल पंप के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ राज्य के बलरामपुर जिला अंतर्गत सनावल थाना क्षेत्र के त्रिशूली गांव निवासी स्वर्गीय लखन राम के 35 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश रवि के रूप में हुई है। मृतक के मामा सुखन राम ने बताया कि परिवार के लोग शनिवार की शाम अपने गांव से निकलकर उत्तर प्रदेश के जोरुखांड़ गांव पहुंचे थे। वहां से बारात श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव आने वाली थी। इसी दौरान ओमप्रकाश तेज रफ्तार वाहन से आ रहा था। महदेईया पेट्रोल पंप के पास बने ब्रेकर पर वह असंतुलित हो गया और बाईक सीधे डिवाईडर से जा टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एनएचएआई एम्बुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गढ़वा ▶ रवींद्र ठाकुर बने पलामू जिला इकाई के अध्यक्ष

# अशोक तिवारी बने गढ़वा के अध्यक्ष

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** रम्यभूमि त्रिबल सैन्य परिवार कल्याण फाउंडेशन द्वारा गढ़वा, पलामू एवं लातेहार जिला इकाई के विस्तार और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर हूर मोड़ स्थित मंगलम होटल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक मेजर बैजनाथ तिवारी ने की। बैठक में पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों में संगठन के विस्तार, पूर्व सैनिकों की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान गढ़वा, पलामू और लातेहार जिले के पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। गढ़वा जिला इकाई के लिये अशोक तिवारी को अध्यक्ष, सीताराम पाल को उपाध्यक्ष, आशीष कुमार पांडेय को सचिव तथा अरविंद कुमार ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं पलामू जिला इकाई में रविंद्र कुमार ठाकुर को अध्यक्ष और सत्येंद्र सिंह को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। मौके पर प्रमंडलीय अध्यक्ष मेजर बैजनाथ तिवारी ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रमंडल क्षेत्र के उन पूर्व सैनिकों को मजबूती प्रदान करना है, जो स्वयं को उपेक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में जिला सैनिक बोर्ड, इन पैनल हॉस्पिटल और कैंटीन जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इन सुविधाओं को उपलब्ध कराना संगठन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में पूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण सहित अन्य लंबित मांगों को धरातल पर उतारने के लिये संगठन गंभीरता से कार्य करेगा और जल्द ही सरकार को मांग पत्र सौंपा जायेगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रमंडलीय सचिव विकास तिवारी ने कहा कि संगठन के मजबूत होने से पूर्व सैनिकों को नई ताकत मिलेगी। संगठन हमेशा पूर्व सैनिकों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि आज पलामू प्रमंडल के गढ़वा, पलामू और लातेहार जिलों के पदाधिकारियों का चयन कर लिया गया है, जो जल्द ही संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे। बैठक में पूर्व सैनिक रामजी तिवारी, बहादुर गुप्ता, विकास तिवारी, सुनील सिंह, आशीष पांडेय, रामानुज गुप्ता, सीताराम पाल, वीरेंद्र दुबे, अरुण सिंह, अरविंद कुमार ठाकुर, राजीव रंजन सिंह, पप्पू यादव, नवल किशोर पांडेय, सुदामा प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रौनियार वैश्य महासभा द्वारा जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बंशीधर न्यूज



**विशुनपुरा :** विशुनपुरा में रविवार को समस्त युवा जिला गढ़वा एवं युवा प्रखंड इकाई के तत्वावधान में झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा द्वारा जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष प्रसाद थे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में बैजनाथ प्रसाद, संजय प्रसाद, नवल किशोर गुप्ता, दिनेश गुप्ता, उदय गुप्ता एवं दामोदर गुप्ता शामिल हुये। मौके पर रौनियार वैश्य महासभा के पदाधिकारी वेंकटेश नारायण ने बताया कि कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को समाज की ओर से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। समारोह में उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 10 वीं से अर्पित कुमार, मिल्की गुप्ता, अर्चना कुमारी, आयुषी कुमारी, पूनम कुमारी, प्रिंस कुमार, प्रिया गुप्ता, पवन गुप्ता, शिवम गुप्ता, कीर्ति कुमारी, सोनी कुमारी गुप्ता, कुंदन कुमार एवं खुशबू कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 12 वीं से राधा कुमारी, अमित कुमार गुप्ता, साक्षी कुमारी गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, पिंकी कुमारी, कृष्णा शाह, बाबूलाल शाह एवं प्रीति कुमारी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति 2025-26 में चयनित खुशबू कुमारी और सोनाली कुमारी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वेंकटेश नारायण ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने से उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षा ही समाज को नई दिशा देने का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करते हैं। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। मौके पर पप्पू कुमार शाह, मुकेश गुप्ता सहित अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

## चिनियां में विधिक जागरूकता शिविर, दिव्यांगों को बांटी गई व्हीलचेयर



**गढ़वा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) द्वारा देशभर में चलाये जा रहे 90 दिवसीय गहन आउटरीच कार्यक्रम के तहत रविवार को चिनियां प्रखंड परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर आयोजित हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में पीड़ित लोगों को मिलने वाली विधिक सहायता योजना 2024 की जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी सुधीर कुमार चौबे ने की। उन्होंने लोगों को मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) से संबंधित जानकारी देते हुये दुर्घटना के बाद मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर कानूनी सहायता और उचित जानकारी मिलना बेहद जरूरी है। बीडीओ सुबोध कुमार ने लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिये जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने मईयां सम्मान योजना के सत्यापन के लिये लगाये जा रहे विशेष शिविरों की भी जानकारी दी। सीओ उमेश यादव ने दुर्घटना के बाद अंत्यपरीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं पीएलवी कलामुद्दीन अंसारी ने नालसा एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। शिविर के दौरान बीडीओ ने दो दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर भी प्रदान किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि विजय सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि जगदीश सिंह ने भी लोगों को जागरूक रहने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर पीएलवी रमाशंकर चौबे, मदनदीप यादव, दिलीप सिंह, रामप्रताप सिंह समेत जेएसएलपीएस की महिला समूह की सदस्याएं उपस्थित थीं।

## रवीन्द्र जायसवाल बने रिजन-4 के चेयरपर्सन, डॉ असजद अंसारी को मिली जोन चेयरपर्सन की कमान



**गढ़वा :** लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 322 ए का जिला अधिवेशन रांची में आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता सत्र 2026-27 की जिला पाल शुभ्रा मजूमदार ने की। इस दौरान आगामी सत्र के लिये जिला टीम का गठन किया गया, जिसमें गढ़वा के कई सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं।अधिवेशन में रवीन्द्र जायसवाल को रिजन-4 का रिजन चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। उन्हें कुल 14 क्लबों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं डॉ असजद अंसारी को जोन चेयरपर्सन बनाया गया। उन्हें गढ़वा जिले के सभी चार लायंस क्लबों के संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। गढ़वा जिले में वर्तमान में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इन सभी क्लबों की जिम्मेदारी सत्र 2026-27 के लिये लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के वर्तमान अध्यक्ष डॉ असजद अंसारी को सौंपी गई है। जोन चेयरपर्सन बनाये जाने के बाद डॉ असजद अंसारी ने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 322 ए द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ पूरा किया जायेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिये जिला पाल शुभ्रा मजूमदार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जायेगा। अधिवेशन के दौरान प्रथम उपजिलापाल कंचन साहू ने भी आगामी सत्र की योजनाओं और उद्देश्यों पर अपने विचार रखे। मौके पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के आगामी सत्र के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, नंदलाल, विजय केशरी, लखन कश्यप, रामनारायण, दयाशंकर गुप्ता, विजय कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, रवि अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, नीरज कुमार, लल्लन सोनी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## देर रात में अंधेरे के कारण पैर फिसला और सीधे कुएं में जा गिरी 52 वर्षीया महिला

# पटवन के दौरान कुएं में गिरने से महिला की मौत

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के कैलान गांव स्थित बंगलवाडीह टोला में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 52 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान सुगवंती कुंवार पति स्वर्गीय राजेंद्र यादव निवासी बंगलवाडीह के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सुगवंती कुंवार शनिवार रात गांव के ही विष्णुदेव यादव के कुएं के पास खेत पटवन के लिये पानी देखने गई थीं। बताया जा रहा है कि कुएं के आसपास पर्याप्त रोशनी नहीं थी और जमीन भी काफी फिसलन भरी थी। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह सीधे कुएं में जा गिरीं। रात अधिक होने के कारण घटना की जानकारी किसी को नहीं मिल सकी। रविवार सुबह जब ग्रामीण खेत पटवन के लिये कुएं के पास पहुंचे तो कुएं में महिला का शव दिखाई दिया। शव देखते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गये। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद महिला को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना की पुलिस एएसआई नारायण प्रसाद यादव के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुये पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार सुगवंती कुंवार मिलनसार और सरल स्वभाव की महिला थीं। वह परिवार की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाती थीं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव के पुराने एवं खुले कुओं के आसपास सुरक्षा घेराबंदी कराने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने तथा चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।



## 'है जवानी तो इश्क होना है' का ट्रेलर रिलीज

'है जवानी तो इश्क होना है' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और पारिवारिक ड्रामे का भरपूर तड़का देखने को मिला है। वरुण का सिग्नेचर कॉमिक अंदाज और दोनों अभिनेत्रियों के साथ उनकी ताजा केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। करीब 3 मिनट 15 सेकंड लंबे ट्रेलर की शुरूआत एक शादीशुदा जोड़े के तलाक से होती है। कहानी में मृणाल ठाकुर वरुण पर हर समय रोमांस करने का आरोप लगाती हैं, जबकि वरुण का किरदार इसे परिवार बढ़ाने की कोशिश बताता है। इसी बीच क्लब में पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और वरुण खुद को सिंगल बताकर नई मुश्किलों में फंस जाते हैं। कहानी में बड़ा मोड़ तब आता है, जब अलग रह रही पत्नी मृणाल अपनी प्रेग्नेंसी की खबर देती हैं और फिर पूजा भी मां बनने वाली होती हैं। एक ही समय पर दो महिलाओं की प्रेग्नेंसी से वरुण की जिंदगी में जबरदस्त अफरा-तफरी और हास्यपूर्ण हालात पैदा हो जाते हैं। फिल्म के जरिए डेविड धवन एक बार फिर अपनी पारंपरिक फैमिली कॉमेडी शैली में लौटते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में हास्य और मनोरंजन का तगड़ा डोज देखने को मिलता है। फिल्म में राकेश बेदी, चंकी पांडे, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय, राजेश कुमार और अली असगर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## वाशु भगनानी का डेविड धवन पर फूटा गुस्सा



वाशु भगनानी और डेविड धवन के बीच का पुराना दोस्ताना रिश्ता अब खुलकर विवाद में बदल गया है। वाशु भगनानी ने डेविड धवन पर कई गंभीर आरोप लगाए। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वाशु भगनानी ने दावा किया कि 'कुली नंबर 1' के रीमेक के लिए उन्होंने निर्देशक को उनकी हैसियत से ज्यादा फीस दी थी, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही और उन्हें करीब 27 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। वाशु ने कहा कि फिल्म के निर्माण और खर्चों का पूरा नियंत्रण डेविड धवन के हाथ में था और वह सिर्फ नाम मात्र के निमार्ता थे। वाशु भगनानी ने यह भी आरोप लगाया कि डेविड धवन की आगामी फिल्म है 'जवानी तो इश्क होना है' की कहानी उनकी 1999 की सुपरहिट फिल्म 'बीवी नंबर 1' से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि फिल्म के गाने और कहानी के कुछ हिस्सों का इस्तेमाल उनकी अनुमति के बिना किया जा रहा है। वाशु के मुताबिक, कोविड के दौरान डेविड धवन ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि 'कुली नंबर 1' से हुए नुकसान की भरपाई दोनों मिलकर नई फिल्म के जरिए करेंगे। इसी सिलसिले में 'बीवी नंबर 1' पर करीब छह महीने तक काम भी हुआ, लेकिन बाद में परियोजना ठंडे बस्ते में चली गई। निमार्ता ने अभिनेता वरुण धवन पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि फिल्म से हुए नुकसान के बाद वरुण ने कभी यह जानने की कोशिश नहीं की कि उन्हें कितना नुकसान हुआ। वाशु ने यह भी बताया कि जब उन्हें पता चला कि 'बीवी नंबर 1' का लोकप्रिय गीत 'चुनरी चुनरी' नई फिल्म में इस्तेमाल किया जा रहा है, तो उन्होंने इस पर सवाल उठाए।

## बलोचिस्तान के क्वेटा में शटल ट्रेन पर आत्मघाती हमला, 27 सैन्य अधिकारी मारे गए, 131 से ज्यादा घायल



# रेहला संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में शिक्षा से ज्यादा सत्ता की लड़ाई

### शासी निकाय विवाद में उलझा संस्थान, 3200 छात्रों का भविष्य अधर में

### 30 कर्मियों का मानदेय महीनों से बंद, राजनीतिक अखाड़ा बना महाविद्यालय

वेणुगोपाल




**विश्रामपुर :** कभी अनुशासन, गुणवत्ता व बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिये जिला में चर्चित रेहला का संत तुलसीदास इंटर महाविद्यालय आज प्रशासनिक खींचतान और शासी निकाय विवाद की आग में झुलस रहा है। प्रभारी प्राचार्य को लेकर शुरू हुआ विवाद अब कॉलेज की पूरी व्यवस्था पर भारी पड़ने लगा है। शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव, दान दाता सदस्य चयन, बैंक संचालन व वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों ने संस्थान को अस्थिर कर दिया है। यह अस्थिरता कॉलेज में जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण हुई है। स्थानीय लोगों से लेकर कॉलेज कर्मियों तक का आरोप है कि विधायक नरेश प्रसाद सिंह वर्चस्व स्थापित करने के लिये प्राचार्य से लेकर सचिव तक अपने लोगों को बनाना चाहते हैं और यही विवाद का मूल जड़ भी है। हालात ऐसे हैं कि जनवरी 2026 से कॉलेज के करीब 30 शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों का मानदेय बंद पड़ा है।आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारी असहाय महसूस कर रहे हैं। वहीं 11 वीं और 12 वीं के लगभग 3200 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। नियमित कक्षाएं व शैक्षणिक गतिविधियां बाधित हैं। जबकि परिसर में तनाव और अनिश्चितता का माहौल गहराता जा रहा है। आरोप है कि कई महत्वपूर्ण बैठकों में प्रभारी प्राचार्या अर्चना कुमारी व शासी निकाय सदस्यों के गैर मौजूदगी में बड़े व अप्रासंगिक फैसले लिये गये। दानदाता सदस्य व शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव को लेकर भी नियमों की अनदेखी की गई। जिसके बाद विवाद और गहरा गया। इसी बीच विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कॉलेज के खाते को फ्रिज करा दिया। बैंक खाता संचालन प्रभावित होने से कॉलेज की वित्तीय व्यवस्था लगभग ठप पड़ चुकी है।वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 के अनुदान का वितरण अधूरा है। वहीं 2025-26 का अनुदान भी विवाद की भेंट चढ़ गया। इस पूरे घटनाक्रम ने कॉलेज की साख पर भी सवाल खड़े कर दिये हैं। विभागीय पत्राचार, जांच रिपोर्ट व लगातार बदलते निदेशों ने विवाद को सुलझाने के बजाय और उलझा दिया है। कई जांचों में वर्तमान प्रभारी प्राचार्या अर्चना कुमारी पर लगे आरोप प्रमाणित नहीं हुये। वहीं पूर्व प्रभारी प्राचार्य पर गबन का आरोप प्रथम द्दष्टया सही साबित हुआ। लेकिन प्रशासनिक स्तर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी प्राचार्या अर्चना कुमारी का कहना है कि 1978 से संचालित इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान को सुनियोजित तरीके से विवादों में धकेला जा रहा है। नियमों को दरकिनार कर रेणु कुमारी को फिर से प्रभारी प्राचार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अब मामला झारखंड उच्च न्यायालय और झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण तक पहुंच चुका है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल अब भी यही है कि आखिर विधायक व शासी निकाय की इस लड़ाई में छात्रों का भविष्य कब तक दांव पर लगा रहेगा।

## आरसीआईटी में स्टार्टअप व नवाचार पर कार्यशाला आयोजित



**विश्रामपुर :** रामचंद्र चंद्रवंशी प्रौद्योगिकी संस्थान (आरसीआईटी) में स्टार्टअप एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का आयोजन कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार झा के मार्गदर्शन में हुआ। कुलाधिपति ने कहा कि नवाचार और उद्यमिता युवाओं को रोजगार सृजक बना सकती है। जबकि कुलपति ने विद्यार्थियों में नेतृत्व व उद्यमशील सोच विकसित करने पर बल दिया। कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल ने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिये महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता जीईसी पलामू के सहायक प्राध्यापक डॉ मुरली मनोहर ने स्टार्टअप, सरकारी योजनाओं और नवाचार आधारित उद्यमिता पर विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य प्रभारी डॉ आरके सिन्हा ने तकनीकी शिक्षा को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता बताई। मंच संचालन डॉ गोविंद सिंह ने किया। जबकि आयोजन प्रमुख रवि रंजन मंजुल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

## बकरीद. विश्रामपुर, रेहला व उंटारी रोड थाने में शांति समिति की बैठक



**विश्रामपुर :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को विश्रामपुर, रेहला व उंटारी रोड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सभी बैठकों में थाना क्षेत्र के दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पर्व को लेकर अपना-अपना सुझाव एवं विचार दिये। चर्चा के बाद उसपर अमल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसडीपीओ चिरंजीवी कुमार, उंटारी बीडीओ श्रवण भगत, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान के अलावे विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे, रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ, उंटारी थाना प्रभारी संतोष गिरी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने क्षेत्र के वार्ड पार्षदों एवं उनके प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उस मौके पर एसडीपीओ चिरंजीवी मंडल ने बकरीद के महत्व एवं कुबार्नी के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुये क्षेत्र के लोगों से शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने व संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की सलाह दी। ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई किया जा सके। रेहला में बैठक का संचालन सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय ने किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, जिला परिषद सदस्य विजय रविदास, संजय बैठा, गुड्डू उर्फ इनामुल हक उपस्थित थे। जबकि उंटारी में मुखिया रामवचन राम, सांसद प्रतिनिधि डॉ योगेंद्र सिंह, अगस्त तिवारी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, रामकृष्ण पाल, बीरेंद्र शर्मा, संतोष सिंह, एसआई संजय कुमार सिंह, एएसआई जेवियर मिंज, मुन्ना लाल जामदा सहित कई जनप्रतिनिधि, पुलिस पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मेराल थाना प्रशाल में शांति समिति बैठक : युवाओं से समाज में शांति, भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिये आगे आने का आह्वान

# प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं



**मेराल :** थाना प्रशाल में बकरीद को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाये रखने की अपील की। सीओ श्री नायक ने कहा कि क्षेत्र में वर्षों से हिन्दू और मुस्लिम समुदाय मिलजुल कर सभी पर्व मनाते आये हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी। उन्होंने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील करते हुये कहा कि यदि कुबार्नी देनी ही है तो अपने भीतर छिपे अहंकार और बुराईयों की दें। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुये समाज के प्रबुद्ध लोग से चौक-चौराहों पर राहगीरों के लिये पेयजल की व्यवस्था करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने युवाओं से समाज में शांति, भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिये आगे आने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन इसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, सांसद प्रतिनिधि विजय प्रसाद गुप्ता, जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी, उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, संजय भगत, मुखिया रामसागर महतो, अतहर अली अंसारी ने भी विचार व्यक्त करते हुये अपने अंदर छिपे हुये बुराईयों को ही बकरीद पर कुबार्नी देने की बात कही। बैठक में शंभू प्रसाद, दिलीप कुमार मेहता, विजय सिंह, जफीर अंसारी, कलाम खान, वाजुदीन अंसारी, राजकुमार महतो, परशुराम कुशवाहा, विनय ठाकुर, शिवकुमार चौधरी, मुखिया मंदीप सिंह, अजीज अंसारी, हरेंद्र चौधरी, रवीन्द्र गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)